**PRINT**

# दैनिक जागरण

| National News Paper | Edition: (Ranchi) Jharkhand | Circulation: 47896 |
|---|---|---|
| Date: 21.07.2026 | Page No 06 | Serial No.: |

## सीआईएसएफ की छापेमारी में 11.580 टन अवैध कोयला बरामद



**पिपरवार,** : कोयला क्षेत्रों में अवैध खनन एवं तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे लगातार अभियान के तहत केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की पिपरवार इकाई को सोमवार को एक और बड़ी सफलता मिली। पिपरवार क्षेत्र की 'डी' कंपनी ने नियमित क्षेत्र निरीक्षण के दौरान पिपरवार जांच चौकी से हॉपड़ मार्ग के समीप 11.580 टन अवैध कोयला बरामद किया। आवश्यक प्रक्रिया पश्चात बरामद कोयले को खान एवं खनिज अधिनियम (एमएमडीआर अधिनियम) के तहत सीसीएल प्रबंधन को सौंप दिया गया।

सीआईएसएफ के अनुसार यह स्थान अशोक परियोजना से राजधर रेलवे साइडिंग तथा कोयला प्रबंधन संयंत्र जाने वाले परिवहन मार्ग के निकट है, जहां रात के समय कोयला लदे भारी वाहनों का ठहराव होता है। निरीक्षण के दौरान कोई वाहन नहीं मिला, लेकिन भारी वाहनों के टायरों के निशान मिलने पर जवानों ने तत्काल छापेमारी अभियान चलाकर मौके से पूरा कोयला जब्त किया।

बरामद कोयले का अनुमानित कीमत 11,174.70 रुपये आंकी गई।

यह कार्रवाई उप समादेष्टा दिनेश कुमार एवं सहायक समादेष्टा हर्ष लवानिया के संयुक्त नेतृत्व में की गई। अभियान में निरीक्षक एल.एस. मिंज, उप निरीक्षक अनिल कुमार राय, सहायक उप निरीक्षक किशन दास तथा 'डी' कंपनी के जवानों ने सक्रिय भूमिका निभाई। इस संबंध में कमांडेंट सीआईएसएफ अमित कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा एमएमडीआर अधिनियम के तहत मिले अधिकारों के बाद अवैध खनन एवं कोयला चोरी के विरुद्ध कार्रवाई और अधिक प्रभावी हुई है। उन्होंने कहा कि ड्रोन निगरानी सहित आधुनिक तकनीकों से पूरे कोयलांचल क्षेत्र की लगातार निगरानी की जा रही है एवं अवैध कारोबार में संलिप्त किसी भी तत्व को बख्शा नहीं जाएगा।